**Ministry of Education**

Minister

315 Front Street West
Toronto ON  M7A 0B8

**Ministère de l'Éducation**

Ministre

315, rue Front Ouest
Toronto ON  M7A 0B8

Ontario

30 जुलाई, 2020

प्रिय माता-पिता -

में उम्मीद करता हूँ कि आप और आपके परिवार स्वस्थ और मज़बूत रहना जारी रख रहे होंगे, जैसे प्रांत कोविड-19 वायरस के विरुद्ध लड़ना जारी रखता है।

अभी इस बात को चार महीने से थोड़ा अधिक समय हुआ है जब मैंने आप को पहली बार स्कूलों को बंद करने और छात्रों, परिवारों और उन समुदायों के जीवन की रक्षा करने के जहां वे रहते और काम करते हैं, के सरकार के फैसले के बाद लिखा था। इन पिछले चार महीनों में बहुत कुछ बदल गया है। हालांकि, एक निरंतरता हमारे समुदायों और प्रांत को सुरक्षित रखने के लिए माता-पिता, छात्रों और परिवारों का एकजुट प्रयास है।

प्रांत भर में पब्लिक हैल्थ की स्थिति स्पष्ट रूप से विकसित हुई है, और मुझे बहुत गर्व है कि हाल के हफ्तों में प्रवृत्ति सकारात्मक दिशा में रही है। कोविड-19 प्रकोप की शुरुआत से, हमारे द्वारा की गई हर कार्रवाई को आपके बच्चों को सुरक्षित रखने के अंतर्निहित सिद्धांत द्वारा निर्देशित रहा है, और इसके विस्तार के साथ आपकी और आपके समुदायों की सुरक्षा को भी। स्पष्ट रूप से, हम सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है।

इस योजना जिसका हमने आज कैनेडा के प्रमुख चिकित्सा और वैज्ञानिक विशेषज्ञों की सलाह का पालन करते हुए अनावरण किया - जिसमें चीफ मैडिकल ऑफिसर ऑफ हैल्थ, हॉस्पिटल फॉर सिक चिल्ड्रन, और कोविड-19 कमांड टेबल भी शामिल हैं - सितंबर में कक्षा में सुरक्षित रूप से लौटने के लिए पूरे प्रांत के छात्रों के लिए दिशानिर्देशों का वर्णन करती है। इसमें शामिल है:

- सभी पब्लिकली फंडिड एलिमेंट्री स्कूलों का सप्ताह में पांच दिन पूरी तरह खोलना;
- एक अनुकूलित मॉडल के साथ अधिकांश सैकंडरी स्कूलों को फिर से खोलने की आज्ञा देना, कम जोखिम वाले समुदायों में एक सप्ताह में पांच दिन फिर से खोलने के साथ, और;
- यह सुनिश्चित करते हुए कि आपके पास इन-क्लास या ऑनलाइन लर्निंग के लिए एक विकल्प है, और पूरे वर्ष उस निर्णय को बदलने के लिए अक्षांश है।

सबसे अच्छी उपलब्ध मैडिकल सलाह बताती है कि हमें अपने बच्चों को उनके स्कूलों में वापस लाने की आवश्यकता है। हम जानते हैं कि कोविड-19 ने ओंटैरियो के छात्रों पर गहरा असर डाला है।

…/2

इससे पहले आज, प्रीमियर और मैंने आपके बच्चों को कक्षा में अविश्वसनीय नए समर्थनों और संसाधनों के साथ वापस लाने की हमारी योजना का अनावरण किया ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे यथासंभव रूप से सुरक्षित और समर्थित हैं।

सरकार मास्क और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण खरीदने, नए शिक्षण पदों को जोड़ने, स्कूलों और स्कूल बसों के लिए बढ़ी हुई सफाई की आपूर्ति और अधिक स्टाफ प्रदान करने, और सभी कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य और सुरक्षा के पेशेवर विकास के लिए 300 मिलियन डॉलर से अधिक प्रदान कर रही है।

इसके अलावा, ऑंटैरियो 500 पब्लिक हैल्थ नर्सों का एक मोबाइल नेटवर्क प्रदान करने में अद्‌वितीय होगा, जिन्हें हमारे स्कूलों में बेहतर स्क्रीनिंग, परीक्षण और मैडिकल सहायता प्रदान करने के लिए उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा। अंत में, ऑंटैरियो पब्लिक हैल्थ हमारी प्रतिक्रिया को मजबूत करने और जोखिम को बेहतर ढंग से समझने के लिए लक्षणहीन सैकंडरी स्कूल छात्रों पर निगरानी परीक्षण करेगी।

आज अनावरित किए गए पूर्ण सूट स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रोटोकॉल मज़बूत हैं, चिकित्सा विज्ञान द्‌वारा सूचित हैं, और कोविड-19 के बदलते खतरे का जवाब देने के लिए लचीले होंगे। मैं आपको आश्वासन दे सकता हूं कि हम इस वायरस की बदलती वास्तविकता का जवाब देने के लिए तैयार हैं।

यह मार्गदर्शन छात्रों को इनके बारे में स्पष्टता प्रदान करके सुरक्षित रखेगा:

- स्व स्क्रीनिंग;
- छात्रों और कर्मचारियों के लिए बढ़ी हुई हाथों की स्वच्छता;
- ग्रेड 4 से 12 के लिए अनिवार्य मास्किंग;
- शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए पीपीई और उन छात्रों के लिए कपड़े के मास्कों का एक रिज़र्व, जिन्हें उसकी आवश्यकता हो सकती है;
- कक्षा के बाहर बातचीत को कम करने के लिए छात्रों की दृढ़ गुट्टबंदी (या समूहीकरण);
- दूरी;
- 900 अतिरिक्त कस्टोडियनों की भर्ती के साथ-साथ स्कूल फैसिलटियों और बसों की बढ़ी हुई सफाई और कीटाणुरहितता;
- आगंतुकों पर प्रतिबंध;
- नियंत्रित पुन: खोलने में सहायता के लिए पूर्व-पंजीकरण।

हम छात्र मानसिक स्वास्थ्य में निवेश करना जारी रखेंगे, जो कि हम सभी जानते हैं कि छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है जैसे वे कोविड-19 के प्रकोप के कारण कई महीनों की अनिश्चितता और चिंता के बाद स्कूल लौटते हैं। केवल इस ही वर्ष में, हम अतिरिक्त वित्त पोषण में 20 मिलियन डॉलर का निवेश कर रहे हैं, ताकि बोर्ड उन छात्रों के लिए सक्रिय समर्थन डिलीवर कर सकें, जिन्हें उनकी आवश्यकता है। छात्रों के पास मानसिक स्वास्थ्य कर्मचारियों और सहायताओं तक अभूतपूर्व पहुंच होगी, और हम इस साल रिकॉर्ड स्तर 50 मिलियन डॉलर का निवेश करेंगे।

…/3

स्कूल पुनरारंभ योजना विशेष शिक्षा की आवश्यकता वाले छात्रों के लिए महत्वपूर्ण समर्थन भी प्रदान करती है, जिसमें एक आवश्यकता यह भी है कि वे एलिमेंट्री और सैकंडरी स्कूलों दोनों में सप्ताह में 5 दिन कक्षा में हों। विशेषज्ञ स्पष्ट रहे हैं, अनुरूपता महत्वपूर्ण है, और यह वही है जो हम इन बच्चों के लिए वितरित करेंगे।

जैसा कि हमने हमेशा कहा है, हम ओंटैरियो के छात्रों के लिए अपनी प्रतिबद्धता में कभी भी पीछे नहीं हटेंगे। एक साथ काम करके हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि वे सफलता के लिए तैयार हैं, केवल इस वर्ष के लिए नहीं, बल्कि भविष्य में भी।

मैं ओंटैरियो के माता-पिता को सितंबर में स्कूल में सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए आपकी कड़ी मेहनत, इनपुट और संयुक्त प्रतिबद्धता के लिए आपका धन्यवाद करना चाहता हूं, ।

भवदीय,

माननीय स्टीफन लैची (The Honourable Stephen Lecce)
शिक्षा मंत्री (Minister of Education)